**@Shajahanpurpol**

**प्रेस नोट सराहनीय कार्य 25.11.2023**

**थाना कटरा पुलिस को मिली बडी कामयाबी**

**थाना कटरा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान मिली बडी कामयाबी एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर को 887 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार**

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद मे मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये गये अभियान के क्रम में व श्रीमान संजीव कुमार बाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पर्यवेक्षण व श्री प्रियांक जैन क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल निर्देशन मे थाना कटरा की पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी हासिल हुई।

दिनांक 25.11.2023 को प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कटरा की पुलिस टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित अपराधी मे भ्रमणशील थी तभी मुखविर खास द्वारा सूचना मिली साहब **शाहजहाँपुर की तरफ से एक डीसीएम गाड़ी नम्बर UP25DT3990 आ रही है जो बरेली की तरफ जायेगी उस गाड़ी में पशुओ को खिलाने केलिए चोकर भरा है और चौकर के कट्टो के नीचे डोडा पोस्त के बौरे भरे है** इस सूचना पर हम पुलिस वालो ने **बैगुल नदी के पुल से 150 कदम पहले कटरा की ओर बरेली जाने वाले** वाहनो की बेरिकेटिंग लगाकर चैकिंग करने लगे तभी कुछ समय बाद **शाहजहाँपुर की ओर से एक डीसीएम गाड़ी जिसका नम्बर UP25DT3990** आती हुई दिखाई दी मुखवीर खास ने दूर से इशारा करके बताया कि साहब यही वह गाड़ी है जिसमें डोडा पोस्त के बौरे लदे है फिर हम पुलिस वालो ने उक्त गाडी को रूकने के लिए इशारा किया तो उक्त गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी पुलिस पार्टी से 20 मीटर पहले रोककर भागने का प्रयास किया तो **उक्त गाड़ी के चालक शाहिद पुत्र साविर निवासी ITI कालेज के सामने विधौलिया थाना सी0वी0गंज जिला बरेली को उसकी गाड़ी के पास कुछ दुरी पर समय 06.30 बजे गाडी संख्या UP25DT3990 डीसीएम मय 45 बोरे में 08 कुन्टल 87 किलो ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया गया।** इस सम्बन्ध में थाना कटरा पर **मु0अ0सं0 607/2023 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट बनाम शाहिद पुत्र साविर निवासी ITI कालेज के सामने विधौलिया थाना सी0वी0गंज जिला बरेली के विरूद्ध पंजीकृत किया गया** विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय पेशी हेतु रवाना किया जायेगा। अभियुक्त से पूछताछ जारी है। पूछताछ से जो तथ्य प्रकाश मे आयेंगे उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## गिरफ्तारी अभियुक्त का विवरणः-

1. शाहिद पुत्र साविर निवासी ITI कालेज के सामने विधौलिया थाना सी0बी0 गंज, जनपद बरेली

## पूछताछ विवरण -

कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि सहाब यह माल मैं जनपद राँची राज्य झारखण्ड से लेकर आ रहा हूँ यह माल डोडा पोस्त **गाड़ी मालिक नन्द किशोर पुत्र परमानन्द निवासी 423 नवादा शहर बरेली तथा अमन गुप्ता निवासी मौहल्ला कर्मचारीनगर बरेली ने लाने के मुझसे कहा था** इन दोनो लोगो ने मुझसे कहा था कि तुम यह माल ट्रासपोर्टनगर बरेली तक पहुँचा देना कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया है साहब गलती हो गयी मांफ कर दीजिए।

## बरामदगी का विवरणः-

1. अभियुक्त के कब्जे से 45 बोरो मे 08 कुन्टल 87 कि0ग्राम0 डोडा पोस्त बरामद होना
2. डीसीएम संख्या UP25DT3990 बरामद होना

## गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री इतेश तोमर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. हे0का0 79 तैय्यब अली थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 1797 रविन्द्र सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 2517 शक्ति सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 2748 अनिल कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
7. का0 231 राहुल चौधरी थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
8. का0 2300 अंकित नेहरा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर